सत्यता और
निष्पक्षता के साथ
नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-354, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 03 जुलाई, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र






## अमरनाथ में हुई पहली आरती, पहलगाम से पहला जत्था रवाना

आज से अमरनाथ यात्रा की शुरूआत हो गई है। गुरुवार सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई। वहीं, पहला जत्था बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप से रवाना अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालु 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी।

# 'भारत आतंकवाद पर सख्त रहेगा'

## अमेरिका में ऑपरेशन सिंदूर पर बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के रुख को एक बार फिर स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को बता दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि क्वाड और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का 25 अप्रैल को जारी बयान हमारे लिए जो महत्वपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद के अपराधियों को जवाबदेह



ठहराया जाना चाहिए। उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

विदेश मंत्री ने कहा कि यह बयान हमारे लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें दुनिया को बताना होगा कि हमने क्या किया? सात मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य यह है कि अगर आतंकवादी हमले होते हैं, तो हम अपराधियों, समर्थकों, वित्तपोषकों और समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। यह संदेश बहुत स्पष्टता के साथ दिया गया था। जयशंकर ने कहा कि हमने क्वाड के साथ-साथ विश्व स्तर पर अपने समकक्षों के साथ आतंकवाद की प्रकृति को साझा किया। भारत इसका कई दशकों से सामना कर रहा है। हम आज इसका बहुत दृढ़ता से जवाब देने के लिए दृढ़ हैं और हमें अपना बचाव करने का अधिकार है।

अमेरिकी विदेश मंत्री से मुलाकात को लेकर जयशंकर ने कहा कि रुबियो के साथ द्विपक्षीय बैठक अच्छी रही। दोनों नेताओं ने अनिवार्य रूप से पिछले छह महीनों की चर्चा का जायजा लिया और आगे की राह पर विचार किया।

## वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी

### वियना में रोकने के बाद की गई रद्द



**नई दिल्ली।** दिल्ली से वॉशिंगटन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। वियना में ईंधन भरने के लिए फ्लाइट के ठहराव के बाद खराबी का पता चला। इसके बाद फ्लाइट को रद्द कर दिया। एयरलाइन ने विमान से वॉशिंगटन के लिए यात्रा कर रहे यात्रियों को वियना में उतारकर वैकल्पिक सुविधा के जरिये यात्रा कराई गई। साथ ही पूर्ण धनवापसी की पेशकश की गई। इसके अलावा एअर इंडिया की वॉशिंगटन डीसी से वियना के रास्ते नई दिल्ली आने वाली फ्लाइट को भी रद्द कर दिया गया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि दो जुलाई को नई दिल्ली से वॉशिंगटन डीसी जा रहे विमान संख्या एआई103 को वियना में ईंधन भरने के लिए रोका गया था। ईंधन भरने के दौरान नियमित जांच के वक्त विमान तकनीकी खराबी का पता लगा। इस खराबी को ठीक करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी। इसके कारण विमान की वियना से वाशिंगटन डीसी तक की यात्रा रद्द कर दी गई और यात्रियों को उतार दिया गया।

# बारिश से अजमेर दरगाह के बरामदे की छत गिरी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया।

वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगो की आवाजाही बंद कर दी है। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। अब भी 34 लोग लापता हैं। बुधवार को 6 और शव मिले। खराब मौसम के



- केदारनाथ पर लैंडस्लाइड, 40 लोगों का रेस्क्यू
- हिमाचल के मंडी में अब तक 11 की मौत

चलते राहत कार्य में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। इधर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सी-फ्लड नामक वेब-आधारित फ्लड फोरकास्टिंग सिस्टम शुरू किया। यह बाढ़ आने से दो दिन पहले गांवों को अलार्म बजाकर अलर्ट कर सकता है।



## हापुड़ में भीषण सड़क हादसा

# कैंटर ने बाइक को रौंदा चार बच्चों समेत पांच की मौत

एनएनआई

**हापुड़।** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। गलत दिशा में आ रहे कैंटर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार चार बच्चों समेत पांच की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पांच लोगों की मौत से परिवारों में कोहराम मच गया।

हापुड़ के हाफिजपुर क्षेत्र में पड़ाव के पास बुधवार रात साढ़े दस बजे हुए भीषण हादसे में चार बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक एक ही बाइक पर सवार थे। मृतकों में पिता और दो बेटियां भी शामिल हैं।

हापुड़ के मोहल्ला रफीकनगर निवासी राजमिस्त्री दानिश (36) अपनी दो बेटियां माहिरा (6), समायरा (5) के अलावा भाई सरताज के बेटे समर (8) और दोस्त रफीकनगर निवासी वकील के बेटे माहिम (8) को लेकर गुलावठी के गांव मिठ्ठेपुर गए थे।



वहां पांचों ने बाग में स्थित स्विमिंगपूल में स्नान किया। इसके बाद रात साढ़े दस बजे के करीब बाइक में चारों बच्चों को बैठाकर दानिश वापस गांव आ रहे थे। हाफिजपुर क्षेत्र में पड़ाव के पास एक रांग साइड से आए कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार चार बच्चों समेत पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। ट्रक का चालक मौके से भाग गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाले कैंटर को जब्त कर लिया गया है।

सीओ अनीता सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सभी को अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कैंटर को जब्त कर लिया है, साथ ही आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# घाना के लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता...

**अक्करा।** अफ्रीकी देशों के दौरे पर गए पीएम मोदी को घाना में 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित किया गया। राजधानी अक्करा में एक कार्यक्रम के दौरान देश के राष्ट्रपति महामा ने पीएम मोदी को सम्मानित किया।

घाना में 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से सम्मानित होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'घाना के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित होना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है... मैं राष्ट्रपति महामा, घाना सरकार और घाना के लोगों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।'

बता दें कि बीते तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री ने पहली घाना यात्रा की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री को यह पुरस्कार उनकी ?उत्कृष्ट राजनीतिज्ञता और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व? के लिए प्रदान किया गया। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि घाना की उनकी ?ऐतिहासिक? राजकीय यात्रा भारत-घाना संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह भारत-घाना के बीच गहरे और दीर्घकालिक संबंधों का प्रमाण है।



**सम्मान भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित**

पीएम मोदी ने कहा, 'मैं 1.4 अरब भारतीयों की ओर से विनम्रतापूर्वक यह सम्मान स्वीकार करता हूं। मैं यह पुरस्कार हमारे युवाओं की आकांक्षाओं, उनके उज्ज्वल भविष्य, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं तथा भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंधों को समर्पित करता हूं।'

**भारत और घाना की द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने का फैसला**

इससे पहले पीएम मोदी ने घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के साथ बैठक की। वार्ता के बाद भारत और घाना के अधिकारियों ने दोनों देशों के बीच हुए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति महामा और उन्होंने भारत और घाना की द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने का निर्णय लिया है।

**भारत घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सिर्फ साझेदार ही नहीं बल्कि सह-यात्री**

घाना के राष्ट्रपति महामा के साथ वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत घाना के राष्ट्र निर्माण की यात्रा में सिर्फ साझेदार ही नहीं बल्कि सह-यात्री भी है। उन्होंने कहा, हमने अगले पांच वर्षों में भारत-घाना व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। हम इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है।

# विभाजन की आग को हवा दे रहे राष्ट्रपतिः ममदानी

**न्यूयॉर्क।** मेयर पद के प्रत्याशी और भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने ट्रंप की गिरफ्तारी वाली धमकी का जवाब दिया है। ममदानी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति विभाजन की आग को हवा दे रहे हैं। ट्रंप उन्हें इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि वह अमेरिकियों का ध्यान इस बात से हटाना चाहते हैं कि उनका प्रशासन किस तरह से कामकाजी लोगों के साथ विश्वासघात कर रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ममदानी कह रहे हैं कि वह अपना काम बंद नहीं करेंगे और रिपब्लिकन के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे।




डेमोक्रेट नेता ममदानी ने न्यूयॉर्क में एक रैली में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मुझे गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मुझे निर्वासित किया जाना चाहिए। मुझे नागरिकता से वंचित किया जाना चाहिए। उन्होंने ये बातें एक ऐसे व्यक्ति के बारे में जो पीढ़ियों के बाद इस शहर का पहला अप्रवासी मेयर बनने जा रहा है। एक ऐसा व्यक्ति जो इस शहर के इतिहास में पहला मुस्लिम और पहला दक्षिण एशियाई मेयर भी होगा। ऐसा इसलिए नहीं है कि मैं कौन हूं, मैं कहां से आया हूं, मैं कैसा दिखता हूं या कैसे बोलता हूं, बल्कि इसलिए है कि वह उस बात से ध्यान भटकाना चाहते हैं जिसके लिए मैं लड़ता हूं। मैं कामकाजी लोगों के लिए लड़ता हूं।

ममदानी ने कहा कि ट्रंप के लिए विभाजन की आग को हवा देना आसान है, बजाय इसके कि वे इस बात को स्वीकार करें कि किस तरह से उन्होंने न केवल इस शहर में बल्कि पूरे देश में श्रमिक वर्ग के अमेरिकियों के साथ विश्वासघात किया है और विश्वासघात करना जारी रखे हुए हैं।

# किश्तवाड़ में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़

## इलाके की घेराबंदी; सर्च ऑपरेशन



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई है। भारतीय सेना की 16वीं कोर की ओर से एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर किश्तवाड़ के कंजल मांडू में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया जा रहा था।

किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके छात्रू में बुधवार देर शाम फिर से आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर रखी है। आतंकियों के सफाए के लिए अतिरिक्त बल भेजा गया है।

सूत्रों के अनुसार पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की मदद से बुधवार शाम आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद छात्रू के कुच्छाल और गोरीनाल इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया था। सुरक्षाबलों को देखते ही आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

देर रात अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दोनों तरफ से गोलीबारी जारी रही। बताया जा रहा है कुछ आतंकवादी पिछले कुछ महीनों से इस इलाके में सक्रिय हैं। हालांकि पिछले महीने भी इस छात्रू के सिंहपुरा इलाके में ऑपरेशन चलाया था जिसमें आतंकवादी हाथ नहीं आए थे।

**जम्मू-कश्मीर में अलर्ट**

पहलगाम हमले के बाद देशभर से आने वाले बाबा बर्फानी के भक्तों की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए पहली बार यह व्यवस्था लागू की जा रही है। भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से इस साल भी घुसपैठ की वारदातों, सनियाल और फिर अंबे नाल में आतंकियों के साथ मुठभेड़ के बाद सुरक्षा को लेकर कोई भी कोताही नहीं बरती जा रही है।

# इंडोनेशिया के बाली में डूबा 65 यात्रियों से भरा फेरी जहाज

**बाली।** इंडोनेशिया में बाली द्वीप के लिए जा रही 65 यात्रियों से भरी एक नौका अचानक डूब गई। इससे हाहाकार मच गया। इस दुर्घटना में अब तक कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। इसमें कम से कम 38 लोग लापता हैं। पुलिस ने बताया कि घटना बुधवार को हुई। यह फेरी 65 लोगों को लेकर जा रही थी, तभी बुधवार की रात बाली स्टेट में डूब गई।




स्थानीय खोज और बचाव एजेंसी के बयान के मुताबिक जहाज ने जावा द्वीप के बन्यूवांगी शहर से प्रस्थान किया था और बाली द्वीप के उत्तर में स्थित एक बंदरगाह की ओर जा रहा था। बन्यूवांगी के पुलिस प्रमुख, रामा समतामा पुत्रा ने बताया कि अब तक 23 लोगों को बचाया गया है, जबकि 4 की मौत हो चुकी है। नाव में 53 यात्री और 12 क्रू सदस्य सवार थे समेत 65 लोग सवार थे। इसके साथ ही 22 वाहन भी लदे थे।

एजेंसी ने कहा, यह एक छोटा जहाज होता है, जिसे फेरी लंगर कहते हैं। सूचना के अनुसार केएमपी तुनु प्रतमा जया नाम की यह फेरी लंगर छोड़ने के लगभग 25 मिनट बाद ही डूब गई। हालांकि दुर्घटना का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन कैबिनेट सचिव टेडी इंद्रा विजया ने इसे खराब मौसम को जिम्मेदार बताया है। बचाव कार्य जारी है, लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

आगरा ब्रज

गुरुवार, 03 जुलाई, 2025 www.nnindianews.com



# कासगंज में गंगा का जलस्तर बढ़ा, बाढ़ का खतरा

एनएनआई





**कासगंज।** नरोरा बैराज से छोड़े गए भारी जलप्रवाह के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे पटियाली तहसील क्षेत्र के तटवर्ती गांवों में बाढ़ का गंभीर संकट मंडरा रहा है। बैराज से 1,22,848 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद गांव अलाखोर, नगला शंभू और नगला हंसी में गंगा का पानी आबादी तक पहुंच गया है। गंगा का जलस्तर 67 सेंटीमीटर बढ़कर 162.42 मीटर हो गया है, जो कि खतरे के निशान 161.75 मीटर से ऊपर है।

ग्रामीणों के अनुसार, खेतों में पानी भर गया है और अब यह घरों की ओर बढ़ रहा है, जिससे इलाके में भय का माहौल है। पटियाली के मचखेड़ा गांव में सड़क पर पानी आ गया है, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ है और सड़क कटान का खतरा बढ़ गया है। छात्रों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है। सुन्नगढ़ी थाना क्षेत्र के गांव कुसौल और किलौनी में भी बाढ़ का पानी घुस गया है, जिससे किसानों की कई बीघा मक्का की फसल जलमग्न हो गई है। किसान अपनी डूबती फसलों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

**राहत की मांग तेज, प्रशासन की तैयारियों पर सवाल:** हालात को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत सामग्री, नाव, पशु चारा और सुरक्षित ठिकानों की व्यवस्था करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस राहत नहीं पहुंचाई गई है और गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में प्रशासन की आधी-अधूरी तैयारियों की पोल खुल गई है।

सुन्नगढ़ी के पूर्वी छोर पर सिंचाई विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से बनाया गया बाढ़ रोधी स्टड भी ग्रामीणों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्माण जल के प्रवाह को रोकता है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में पानी का दबाव बढ़ गया है और पूर्वी छोर के कुछ दूरी पर स्थित गांवों में बाढ़ का खतरा और अधिक गहरा गया है।

**प्रशासन सतर्क, पर ग्रामीणों को चाहिए ठोस मदद:** प्रशासन ने तटवर्ती गांवों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है और क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम सचिव एवं अन्य अमले को गांवों में गश्त पर लगाया गया है। हालांकि, ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य और ठोस कदम उठाने की मांग की है, क्योंकि यदि समय रहते उचित प्रबंधन नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। हरिद्वार से 66,860, बिजनौर से 47,502 और नरोरा से 1,22,848 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है। गांव मढ़ैयन, देवीदास नगला, नगला डोरी, नगला हरिया और रामनगर आदि में भी बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक 50-60 बीघा खेत जलमग्न हो चुके हैं। यदि पानी का स्तर ऐसे ही बढ़ता रहा तो पशु और मानव पलायन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## मुड़िया मेला पर चलेंगी स्पेशल ट्रेन, अस्थाई ठहराव भी बढ़े




एनएनआई

○ 5 से 12 जुलाई तक चलेगा मुड़िया पूर्णिमा मेला

**मथुरा।** मथुरा में 5 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित होने वाले मुड़िया पूर्णिमा मेले के तहत रेलवे की ओर से कई ट्रेनों का विस्तार किया जा रहा है। बता दें मेले के तहत लाखों की संख्या में यात्री गोवर्धन की परिक्रमा लगाने आते हैं।

आगरा रेल मंडल की पीआरओ प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि मथुरा में 5 जुलाई से 12 जुलाई तक मुड़िया पूर्णिमा मेले का आयोजन हो रहा है। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। जिसमें आगरा रेल मंडल के मथुरा जंक्शन और आगरा कैंट स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ भी होती है।

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से कई ट्रेनों का विस्तार किया जा रहा है। जिसमें मथुरा जंक्शन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी को मथुरा जंक्शन तक, नई दिल्ली-आगरा कैंट इंटरसिटी एक्सप्रेस को ग्वालियर तक, इटावा-आगरा छावनी मेमो को मथुरा जंक्शन तक, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आगरा छावनी मेमो को मथुरा जंक्शन तक और मैनपुरी-आगरा छावनी मेमो को मथुरा जंक्शन तक विस्तारित किया जा रहा है। इसके अलावा आगरा छावनी-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमो और आगरा छावनी-मैनपुरी मेमो को मथुरा जंक्शन से संचालित किया जाएगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों का 2 मिनट का अस्थाई ठहराव आगरा छावनी और मथुरा जंक्शन पर किया जा रहा है। इसमें निजामुद्दीन-मदुरै जंक्शन, निजामुद्दीन-तिरुपति, निजामुद्दीन यशवंतपुर का दो मिनट का ठहराव आगरा छावनी और मथुरा जंक्शन पर किया जाएगा। निजामुद्दीन- कन्याकुमारी जंक्शन ट्रेन का ठहराव मथुरा जंक्शन पर किया जाएगा।

## बदमाशों का एनकाउंटर: दो आरोपियों के पैर में लगी गोली

एनएनआई



**फिरोजाबाद।** पुलिस ने बैंक से पैसे निकालने वाले व्यक्ति से लूट करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। एक बदमाश अभी भी फरार है। घटना 27 जून 2025 की है। गजेंद्र नाम के व्यक्ति ने स्टेट बैंक की मुख्य शाखा से अपने पिता की पेंशन के एक लाख रुपए निकाले थे। वह पैसे और जरूरी दस्तावेज पॉलीथीन में रखकर मोटरसाइकिल के बैग में रख लिए। बैंक से बाहर निकलते ही एक अज्ञात व्यक्ति ने बैग से पॉलीथीन निकालकर फरार हो गया।

सीसीटीवी फुटेज की जांच में सांसी गैंग के तीन बदमाश आतिश उर्फ आतिस, बाबू और बॉबी की पहचान हुई। 2 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि दो बदमाश फिर वारदात की फिराक में हैं। जोन्धरी अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। बदमाश भागने लगे और बारिश की वजह से उनकी बाइक फिसल गई। उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। पकड़े गए बदमाशों की पहचान आतिश और बाबू के रूप में हुई, जो मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। बदमाशों से दो अवैध तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और लूट के 42,150 रुपए बरामद हुए हैं। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैंग का तीसरा सदस्य बॉबी अभी फरार है। थाना उत्तर के प्रभारी निरीक्षक संजुल पांडेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

## दो अपराधियों को छह माह के लिए किया जिला बदर

**फिरोजाबाद** एनएनआई। एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में दो अपराधियों को जिला बदर किया गया है। इमरान पुत्र शमशुद्दीन कुरैशी और अब्दुल रसीद पुत्र अब्दुल मजीत को 6 माह के लिए जिले से बाहर भेजा गया है।

थाना रामगढ़ पुलिस ने दोनों आरोपियों को जनपद आगरा की सीमा में छोड़ा है। जिला बदर की अवधि में यदि ये आरोपी जिले में पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इमरान के खिलाफ गौवध अधिनियम और गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। वह छिदामुल नगर, ताड़ो वाली बगिया का रहने वाला है। अब्दुल रसीद बगदाद नगर में किराए के मकान में रहता है। उस पर गौवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। फिरोजाबाद पुलिस अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। दोनों आरोपियों को जिला बदर की शर्तों से अवगत करा दिया गया है।



## हाथरस में कांवड़ यात्रा की तैयारी

**हाथरस** एनएनआई। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने कांवड़ रूट का निरीक्षण किया। श्रावण मास में लाखों कांवड़िये गंगा घाटों से जल लेंगे। ऐसे में काफी कांवड़िया हाथरस से होकर गुजरेंगे और यहां के काफी लोग भी कांवड़ लेकर आएंगे।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# लेन-देन में हुआ था युवक का कत्ल

- पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा, किया जुर्म का इकबाल
- पहले शराब पिलाई फिर एक ने हाथ पकड़े, दूसरे ने सिर को ईंट से कुचला



एनएनआई

**आगरा।** हरीपर्वत थाना क्षेत्र के सुल्तागंज पुलिया निवासी बीस वर्षीय कुणाल प्रजापति की हत्या लेन-देन के विवाद में की गई थी। हत्याकांड में पुलिस ने पैसई (खंदौली) निवासी शिवम यादव और बरहन निवासी डॉली उर्फ लक्ष्मीकांत को गिरफ्तार किया है। दोनों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि 1.50 लाख रुपये के विवाद में कुणाल की हत्या की थी। शिवम ने कुणाल को सस्ता सोना दिलाने का लालच दिया था। वह रकम लेकर पहुंचा था। हत्या के बाद 75 हजार रुपये डॉली को दिए थे। बाकी रकम खुद रख ली थी।

कुणाल प्रजापति अपने पिता के साथ हलवाई का काम करता था। 27 जून को एक कॉल आने पर वह घर से निकला था। इसके बाद लौटकर नहीं आया था। उसकी अपनी मां विरमा से बातचीत हुई थी। वह कुछ देर में आने की कह रहा था। बातचीत की परिवार के पास वॉयस रिकार्डिंग भी है। उसने यह बताया था कि शिवम के साथ है। चारों तरफ खेत ही खेत हैं। पता नहीं कहां जा रहे हैं। घर नहीं लौटने पर परिजन ने उसकी तलाश की थी। 28 जून को हरीपर्वत थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

पुलिस ने शिवम यादव और कुणाल की कॉल डिटेल निकाली थी। दोनों ने 27 जून को कई बार बातचीत की थी। हाथरस में लोकेशन थी। मंगलवार सुबह कुणाल का शव हाथरस के सहपऊ थाना क्षेत्र में कुएं में मिला था। शिवम यादव से पूछताछ के बाद पुलिस ने लक्ष्मीकांत उर्फ डॉली को पकड़ा।

एसीपी हरीपर्वत विनायक भोसले के मुताबिक, मामले में कुणाल के पिता देवेंद्र कुमार ने हत्या का मुकदमा लिखाया है। इसमें पैसई, खंदौली निवासी शिवम यादव, उसके चाचा डॉली उर्फ लक्ष्मीकांत, भाई कार्तिक व पिता पप्पू प्रधान को नामजद किया है। आरोपी लक्ष्मीकांत उर्फ डॉली ने पुलिस को बताया कि शिवम यादव और कुणाल काफी समय से एक-दूसरे को जानते थे। शिवम दूध देने के लिए उसके यहां आया करता था। कुणाल रबड़ी बनाता था। 26 जून को शिवम और कुणाल ने पार्टी की थी। इस दौरान दोनों में लेन-देन पर विवाद हो गया था। कुणाल को शिवम ने सस्ता सोना दिलाने का वादा किया था। इसके लिए उससे रुपये ले रखे थे। कुणाल रुपयों का तगादा कर रहा था।

27 जून को शिवम ने कुणाल को बुलाया। वह 1.50 लाख रुपये लेकर आया था। शिवम ने उससे कहा था कि हाथरस में परिचित से सस्ता सोना दिला देगा। उन्होंने पहले बीयर पी। शिवम ने कुणाल के हाथ पकड़े। डॉली ने ईंट से सिर पर कई प्रहार किए। उसकी मौत के बाद घाट उतार दिया और शव 50 फुट गहरे कुएं में फेंक दिया। शिवम ने डॉली को 75 हजार रुपये दिए, जबकि वादा डेढ़ लाख रुपये देने का किया था। डॉली की कहानी पर पुलिस ने शिवम यादव से बात की। वह गुमराह करने लगा। पुलिस ने उसको एक नाम और बताया, लेकिन वो उसके बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहा है।



## टीकरी रोझौली मार्ग पर मजदूरों से भरी ट्रॉली पलटी, कई महिलाएं हुई घायल

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम टीकरी से रोझोली में धान की रोपाई के लिए ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर जा रही मजदूर महिलाओं से भरी ट्राली सड़क किनारे पलट गई। ट्राली पलटने पर चीख पुकार मच गई पीछे से आ रही अन्य मजदूरों से भरी ट्राली में बैठे लोगों ने ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दो महिलाओं सुनीता पत्नी राजवीर सिंह विमला पत्नी रामकिशन निवासी टीकरी को आगरा रेफर किया है।

मिली जानकारी अनुसार विमला देवी, सुनीता, शीला, कुमार देवी, मछला सोलंकी, सुखी, सुमन, सीमा एवं लगभग 15-16 महिला पुरुष मजदूर ग्राम टीकरी से विक्रम बाबा के खेत में धान की रोपाई के लिए ट्रैक्टर ट्राली से जा रहे थे ट्रैक्टर को योगेश पुत्र विक्रम सिंह चला रहा था। टीकरी से लगभग 1 किलोमीटर आगे जाकर ही यकायक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई जिससे मौके पर चीख पुकार मच गई पीछे से आ रहे दूसरे ट्रैक्टर ट्राली में सवार मजदूरो ने ट्रॉली के नीचे दबे महिला मजदूरों को बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया गया।

## नगर निगम बाउंसरों की खुली गुंडागर्दी

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम प्रशासन के बाउंसर अतिक्रमण हटाने के नाम पर ठेल-ढकेल वालों पर कहर बरपा रहा है। निगम के बाउंसरो की गुंडागर्दी से रोज खाने कमाने वाले परेशान हैं। इस महंगाई के दौर में सुबह से शाम तक ठेल-ढकेल लगा कर दो जून की रोजी रोटी कमाने वालों से निगम के बाउंसर अभद्रता करने से बाज नहीं आ रहे। यह बाउंसर पूर्व में लोहामंडी में बबाल करा चुके हैं। इसके बाद भी निगम अफसर सबक नहीं ले रहे। फतेहाबाद रोड के बसई क्षेत्र में ठेल ढकेल लगा कर अपना जीवन व्यतीत कर रहे गरीब व्यक्तियों का आगरा नगर निगम द्वारा तैनात किए बाउंसर आएं दिन शोषण कर रहे हैं। आरोप है कि बाउंसर ठेल-ढकेल वालों से बतमीजी से पेश आते हैं। पीड़ित रजत फौजदार का कहना है कि आगरा नगर निगम द्वारा तैनात किए बाउंसर की गाड़ियों पर नंबर प्लेट भी नहीं है। सिर्फ गाड़ियों में उत्तर प्रदेश सरकार लिख कर चलते हैं। न ही इन बाउंसरों के पास परिचय पत्र होते है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से इन बाउंसरों को हटा कर गरीब ठेल-ढकेल वालो का उत्पीड़न करना बंद कराने की मांग की है।

## सिकंदरा क्षेत्र में दो हादसों में सात घायल

**आगरा** एनएनआई। सिकंदरा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग हुए हादसों में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहली घटना अपराह्न 2 बजे की है। सिकंदरा सब्जी मंडी के पास हाईवे पर कर्मचारी सफाई कर रहे थे। इस दौरान सिकंदरा की तरफ से तेज रफ्तार में जा रही कैंटर ने हाईवे पर खड़े टैंकर में पीछे से टक्कर मार दी। चपेट में कर्मचारी आ गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मैनपुरी के भौगांव निवासी कैंटर चालक मैराज केबिन में फंस गए। क्रेन की मदद से कैंटर को हटवाकर उन्हें बाहर निकाला। हादसे में कर्मचारी कानपुर निवासी शबनम, उत्कर्श, सिकंदरा थाना क्षेत्र के अरतौनी निवासी महेंद्र और रुनकता निवासी मिलरी सहित चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। चालक मैराज और मिलरी की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद हाईवे पर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। आधा घंटे बाद हालात सामान्य हुए। सिकंदरा थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी घटना शाम 4 बजे की है। फिरोजाबाद के आर्यनगर निवासी राजेश अपनी पत्नी कविता व साथी रमन और अतुल के साथ कार से फरीदाबाद जा रहे थे। राजेश कार चला रहे थे। रुनकता ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार में पिछली सीट पर सवार रमन और अतुल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


## संबंध न बनाने देने पर प्रेमी ने की थी महिला की हत्या

**आगरा** एनएनआई। किरावली थाना क्षेत्र के गांव अभुआपुरा में संदिग्ध परिस्थिति में महिला का शव छत पर पड़ा हुआ मिला था। चेहरे और गले पर चोट के निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक महिला की हत्या गला घोंटने के कारण हुई थी। पुलिस केस दर्ज कर हत्या के खुलासे में जुटी हुई थी।

सहायक पुलिस आयुक्त अछनेरा गौरव सिंह ने हत्या के खुलासे के संबंध में बताया कि घटना की जांच के दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। जिसमें अजय पुत्र राजेंद्र निवासी अभुआपुरा का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने महुअर पुल के पास से अजय को पकड़ लिया। एसीपी के मुताबिक अजय ने पुलिस को बताया कि वह राजमिस्त्री है, उसी ने महिला की हत्या की है।

आरोपी अजय ने पुलिस को बताया कि पिछले दो महीने से उसके महिला से अवैध संबंध थे। वह छत पर महिला से मिलने गया था। उसने शारीरिक संबंध बनाने की बात कही, इस पर महिला ने इंकार कर दिया। इसे लेकर दोनों में झगड़ा हो गया और अजय ने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। एसीपी अछनेरा गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी अजय को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया है। आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है। इस दौरान थानाध्यक्ष किरावली केवल सिंह मौजूद रहे।

एसीपी ने बताया कि मृतक महिला की उम्र करीब 35 वर्ष है, उसके तीन बच्चे हैं। जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल है। वह मूलरूप से थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र की रहने वाली है। पिछले दो महीने से किरावली क्षेत्र के गांव अभुआपुरा में किराए के मकान में रह रही थी। इसी बीच उसके अवैध संबंध अजय से हो गए थे।

## लापरवाही: स्कूल वैन नाले में गिरी, 11 बच्चे थे सवार

एनएनआई

**आगरा।** बाग मुजफ्फर खां (हरीपर्वत) स्थित सेंट जॉर्जेस स्कूल यूनिट-2 में बुधवार को 11 बच्चों से भरी वैन 10 फीट गहरे नाले में गिरी गई। वैन की हैंड ब्रेक हटने की वजह से हादसा हुआ।

घटना दोपहर 1 बजे की है। सेंट जॉर्जेस स्कूल परिसर के बराबर में मेडिकल इंस्टीट्यूट संचालित हो रहा है। स्कूल और अस्पताल के बीच 10 फीट का गहरा नाला गुजर रहा है। छुट्टी के बाद स्कूल परिसर में खड़ी वैन में 11 बच्चे बैठ गए। चालक राजू वैन की छत पर स्कूल बैग रखने लगा। आगे की सीट पर भी दो बच्चे बैठे हुए थे। बताया गया है कि इसी दौरान खेल-खेल में एक बच्चे से हैंडब्रेक हट गई। इससे वैन ढलान पर होने की वजह से नाले में जाकर गिर गई। नाले में 3 फीट तक पानी भरा हुआ था। यह देखकर चालकों ने शोर मचा दिया।

**वैन में फंसे बच्चे चीखने लगे।** बच्चों को नाले में कूदकर शीशे तोड़कर बाहर निकाला गया। वैन के नाले में गिरने की वजह से बच्चों को चोट भी लग गईं। इस पर सभी को विद्यालय के बगल के मेडिकल इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई। स्कूल प्रबंधन की जानकारी पर अभिभावक आ गए। फर्स्ट एड के बाद बच्चों को घर भेजा गया।

प्रिंसिपल आशीष हाबिल ने बताया कि किसी विद्यार्थी के हाथ से गलती से हैंड ब्रेक हटने पर हादसा हुआ। सभी विद्यार्थी सुरक्षित हैं। कुछ को अभिभावक ले गए, जबकि बाकी को दूसरी वैन से घर भेजा गया।



### पापा टीम ने उठाए सवाल

प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स अवेयरनेस (पापा) के संयोजक दीपक सिंह सरीन ने घटना पर स्कूल प्रशासन और नगर निगम पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के पीछे नाला वर्षों से बह रहा है। स्कूल प्रबंधन या नगर निगम ने पहले से बाउंड्री क्यों नहीं कराई। सरीन ने कहाकि वैन के रजिस्ट्रेशन और चालक के बारे में जानकारी क्यों छिपाई जा रही है। पापा संस्था इस मामले में जिला प्रशासन से बात करेगी।

# नगर निगम ने शुरू किया सघन पौधरोपण अभियान, 24 घंटे में लगाए 7 हजार पौधे

## कालिंदी विहार पार्क में हुआ सबसे अधिक वृक्षारोपण

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम द्वारा शहर को हराभरा बनाने के लिए सघन पौधरोपण अभियान की शुरूआत कर दी गई है। पिछले 24 घंटों में निगम की टीम ने शहर के विभिन्न पार्कों में 7,000 से अधिक पौधे रोपित किए। सबसे अधिक पौधारोपण कालिंदी विहार स्थित टेढ़ी बगिया पार्क में हुआ, जहां 5,500 से अधिक पौधे लगाए गए। अभियान में उप नगर आयुक्त डॉ. सरिता सिंह, लेखाधिकारी विपिन कुमार यादव, उद्यान विशेषज्ञ डॉ. महेश कुमार सिंह और क्षेत्रीय पार्षद यशपाल मौजूद रहे। नगर निगम इस अभियान को सामूहिक प्रयास के रूप में चला रहा है, जिससे हरियाली और पर्यावरण को सशक्त किया जा सके। इस बार सिर्फ छायादार नहीं, बल्कि फलदार पौधों जैसे आम,



अमरूद, शहतूत, जामुन, नीम, पीपल, बेल, कचनार व गुलमोहर को भी प्राथमिकता दी जा रही है। यह पौधे वातावरण को शुद्ध करने के साथ जैव विविधता को भी बढ़ावा देंगे। नगर निगम को इस वर्ष 2.11 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। यह अभियान अगस्त अंत तक चलेगा। अधिकारियों ने इसे जन आंदोलन बताते हुए नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

# 'दिशा' समिति की बैठक में विकास कार्यों को मिली गति

## इनडोर स्टेडियम और फोर लेन रोड को मिली मंजूरी

एनएनआई

**आगरा।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति 'दिशा' की बैठक बुधवार को विकास भवन सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता फतेहपुर सीकरी सांसद एवं समिति अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने की। विशेष आमंत्रित के रूप में केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद




नवीन जैन, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में खेरिया मोड़, अजित नगर में राजकीय भूमि पर इनडोर स्टेडियम की स्थापना तथा धनौली से मलपुरा तक फोर लेन सड़क निर्माण को मंजूरी दी गई। वहीं जल जीवन मिशन के तहत किसानों के खेतों से पाइपलाइन गुजारने पर मुआवजा न मिलने पर विधायक छोटेलाल वर्मा व बाबूलाल ने नाराजगी जताई। सांसद चाहर ने लेखपाल से सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। सीवर लाइन डाले जाने के बाद कनेक्शन न होने की शिकायत पर पुनः सर्वे कर 6 हजार कनेक्शन चिह्नित किए गए हैं। राजकीय महाविद्यालय स्थापना, आईटीआई व इंटर कॉलेज में स्टाफ की नियुक्ति के निर्देश भी दिए गए। मंडी सचिव की अनुपस्थिति पर जवाब तलब किया गया।

Rashtra Deep
Restaurants
Fully Air Conditioned
A/C BANQUET HALL FOR :-
BIRTHDAY KITTY PARTIES &
FAMILY FANCTIONS
Pure Veg.



NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises,
Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777

# फुटवियर इंडस्ट्री की ताकत बनेगा एमएसएमई सेक्टर: केंद्रीय मंत्री बघेल

## संजय प्लेस में सिफी यूपी चैप्टर की नई प्रबंध समिति का पदस्थापना समारोह सम्पन्न





एनएनआई

**आगरा।** केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने बुधवार रात संजय प्लेस स्थित होटल में आयोजित कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन फुटवियर इंडस्ट्रीज (सिफी) यूपी चैप्टर के पदस्थापना समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आगरा की मां हूं, और इस मां को यहां के लोगों की समस्याओं का दर्द है।" उन्होंने कहा कि राममनोहर लोहिया कहते थे कि "खूबसूरत नर्स से बदसूरत मां अच्छी होती है।" उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार जल्द ही फुटवियर पर जीएसटी की दरें कम करेगी। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक सशक्तता का रास्ता एमएसएमई सेक्टर से होकर गुजरता है। एमएसएमई के बिना भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बन सकता। ताजनगरी में उद्योगों को हो रहे नुकसान पर उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी को कांटे नहीं डालने चाहिए। कुछ लोग याचिका माफिया बन गए हैं, जैसे एमसी मेहता। केवल याचिका दायर करने वाला नहीं, बल्कि हृदय से पर्यावरणविद होना चाहिए। कार्यक्रम में चेयरमैन धर्मेन्द्र नरूला, राष्ट्रीय महासचिव आलोक जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष जग्गा, अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह लवली, उपाध्यक्ष आरके खुराना, कुलदीप सिंह कोहली, महासचिव नकुल मनचंदा, पुलकित मगन और विजय सामा ने विचार रखे। नजीर अहमद समेत अनेक फुटवियर उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नकुल मनचंदा ने किया और आभार उपेंद्र सिंह लवली ने व्यक्त किया।

# सरकारी स्कूलों के बंदीकरण के खिलाफ 'आप' का विरोध, सौंपा ज्ञापन

- स्कूल बंद करने की नीति गरीब विरोधी और शिक्षा विरोधीः आप नेता

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में सरकारी स्कूलों के मर्जर और बंदीकरण के फैसले के खिलाफ आम आदमी पार्टी की आगरा इकाई ने बुधवार को एसीएम राजेश कुमार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार की इस नीति को गरीब और मजदूर विरोधी बताया। ज्ञापन सौंपने का नेतृत्व जिलाध्यक्ष पंडित सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी सरकार शिक्षा के अधिकार अधिनियम और बाल अधिकार संरक्षण



अधिनियम का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को एक किलोमीटर के भीतर विद्यालय और 6 से 14 वर्ष आयु तक निःशुल्क शिक्षा मिलना अनिवार्य है, लेकिन स्कूल बंद कर यह अधिकार छीना जा रहा है। ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी ने कहा कि सरकार नई शिक्षक भर्तियों की बजाय स्कूलों को बंद करने में लगी है, जिससे गरीब तबके के बच्चों की शिक्षा बाधित होगी। उन्होंने दावा किया कि करीब 27 हजार स्कूल बंद किए जा रहे हैं, जो एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# व्यापारियों के लिए अलग न्यायालय की मांग

## फैइटा प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

एनएनआई



**आगरा।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एसोसिएशन (फैइटा) के राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पोद्दार के नेतृत्व में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और जीईएम व ओएनडीसी के अधिकारियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों और लघु उद्यमियों की समस्याएं रखते हुए कई महत्वपूर्ण मांगें सामने रखीं। उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने व्यापारियों को ईएसआई अस्पतालों में उपचार सुविधा देने का सुझाव दिया, जिसे मंत्री ने स्वीकार करते हुए कर्मचारियों को भी इसमें शामिल करने की सहमति दी। ओएनडीसी पंजीकरण में आ रही दिक्कतों को लेकर जीईएम और ओएनडीसी के सीईओ से व्यापारियों की सीधी वार्ता कराई गई। वाणिज्य मंत्री ने व्यापारियों को एक वर्ष तक लॉजिस्टिक्स और इनवेंट्री प्रोग्रामिंग की सुविधा निःशुल्क देने के निर्देश दिए। कानून मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में सुशील पोद्दार ने व्यापारियों के लिए पृथक "व्यापारी न्यायालय" की स्थापना की मांग की, ताकि धारा 138 समेत अन्य वाणिज्यिक मामलों का त्वरित निस्तारण हो सके। प्रतिनिधिमंडल में आर.के. गोर, राजेश्वर पैन्यूली, सी.एच. कृष्णा, जीतूभाई शाह, सतीश चव्हाण और पंकज मोसान शामिल रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी सिराजुद्दीन आजाद की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

- शिक्षा व आजादी के प्रतीक को किया गया नमन, देशभक्ति गीतों व विचारगोष्ठी के साथ हुआ समापन

एनएनआई



**आगरा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और अहमदिया हनीफिया इंटर कॉलेज के संस्थापक हजरत सिराजुद्दीन आजाद की पुण्यतिथि पर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शिक्षकों, छात्रों, प्रबंध समिति के सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं और शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ. मोहम्मद जमीर ने कहा कि यह संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि आजादी और सामाजिक चेतना का प्रतीक है। प्रबंध समिति के मोहिउद्दीन, खालिद, हाजी बिलाल, शाहिद व बल्लू ने उनके त्याग और संघर्ष को याद करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता जुल्फकार अहमद ने उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत बताया। सभा में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अंत में देशभक्ति गीतों और विचारगोष्ठी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सभी ने उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लियो कार्यक्रम में किरन सिंह, डॉ. भोज शर्मा, रेहान, धीरज सिंह, व्योम पांडे और डॉ. मदन मोहन शर्मा सहित अनेक शिक्षाविद शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री से मिले किसान प्रतिनिधि, समस्याओं के शीघ्र समाधान का मिला आश्वासन



एनएनआई

**लखनऊ/आगरा।** किसान नेता श्याम सिंह चाहर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर किसानों की समस्याएं सामने रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने इटौरा, नगला मकरोल, रोहता बाग, नगला पदमा, सराय मलूक चंद सहित कई गांवों में भू-माफियाओं और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से बाधित सड़क और नाले के निर्माण कार्यों की शिकायत की। किसानों ने बताया कि इन क्षेत्रों में नाले न बनने से हर साल बारिश में घरों में पानी घुस जाता है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि 15 दिन में निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा और दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्याम सिंह चाहर ने 2017 में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल द्वारा एनटीपीसी व पॉवर ग्रिड प्रभावित गांवों को मुफ्त बिजली देने के वादे का स्मरण कराया, जिस पर मुख्यमंत्री ने गंभीरता से विचार का आश्वासन दिया। इनर रिंग रोड तृतीय फेज के अधिग्रहण मामलों में भूमि वापसी और मुआवजा न मिलने की शिकायत पर भी मुख्यमंत्री ने तत्काल जांच और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में यशपाल राणा, सुरेंद्र सिंह, दाताराम तोमर, रशीद अली, लाखन सिंह, बसुदेव कुशवाह, कुमारपाल चाहर, कुलदीप रावत, सुभाष रावत सहित अन्य शामिल रहे।

# किसानों की हुंकार: जय जवान के साथ 'जय किसान' की भी हो पुकार

## संयुक्त किसान क्रांति मोर्चा ने उठाई एमएसपी गारंटी कानून व 5000 पेंशन की माँग

एनएनआई



**आगरा।** संयुक्त किसान क्रांति मोर्चा के बैनर तले बुधवार को फतेहाबाद रोड स्थित मंडल कार्यालय पर किसानों, मजदूरों और गरीबों के हित में प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की गई। इस मौके पर जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर सत्यभान चौहान ने कहा कि आज देश में 'जय जवान' तो हो रही है, लेकिन 'जय किसान' गायब है। सरकार को किसानों को भी शिक्षा, स्वास्थ्य और 5000 मासिक पेंशन का अधिकार देना चाहिए।भाकियू स्वतंत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा ने एमएसपी गारंटी कानून लागू करने और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की माँग की। उन्होंने बताया कि 110 संगठनों के साथ मोर्चा मजबूत किया जा रहा है और शीघ्र ही मुख्यमंत्री को 15 सूत्रीय माँगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। चौधरी शाह आलम ने कहा कि सरकार किसान-मजदूर विरोधी नीति पर चल रही है। मौके पर चमन प्रधान ने गरीबों के बिजली बिल माफ करने की माँग की। कार्यक्रम में असद आलम खान, राजेश शर्मा, संजय अग्रवाल सहित कई किसान नेता मौजूद रहे।

# अटलपुरम टाउनशिप : एक ही संस्था करेगी विकास कार्य

एनएनआई




**आगरा।** आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) ग्वालियर मार्ग स्थित ककुआ-भांडई क्षेत्र में 36 वर्षों बाद अटलपुरम टाउनशिप योजना लेकर आ रहा है। यह आधुनिक नगर बसावट लगभग 138 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जाएगी, जिसकी अनुमानित लागत 738 करोड़ रुपये है। इससे प्राधिकरण को लगभग 1527 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। योजना के अंतर्गत कुल 4087 भूखंड विकसित किए जाएंगे, जिनमें उच्च, मध्य, निम्न आय वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा सामूहिक आवास के भूखंड सम्मिलित हैं। एडीए ने इस योजना के समन्वित विकास हेतु एक ही संस्था को समस्त कार्य सौंपने का निर्णय लिया है, जिससे सड़क, नाली, जलापूर्ति, रसोई गैस पाइपलाइन, इंटरनेट तथा विद्युत व्यवस्था एक साथ एवं व्यवस्थित ढंग से पूरी की जा सके। छह नामचीन संस्थाओं ने निविदा प्रक्रिया में भाग लिया, जिनमें से दो अंतिम चरण में पहुंची हैं। शुक्रवार को दोनों ने अपना प्रस्तुतीकरण दिया। यह योजना आगामी अगस्त माह में शुरू की जा सकती है। आवासीय भूखंडों की दर 25 से 30 हजार रुपये तथा व्यवसायिक भूखंडों की दर 30 से 35 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर के बीच संभावित है। इस योजना को मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।



newsnextindia1@gmail.com


# प्रिल्यूड में महकी रसीले-मीठे आमों की खुशबू

एनएनआई

**आगरा।** प्रिल्युड पब्लिक स्कूल द्वारा नर्सरी से कक्षा दो तक के छात्रों की माताओं के लिए मेंगो फेस्ट का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की शिक्षिका भावना शर्मा व छात्राओं- प्रियांशी मिश्रा एवं त्रिशाला कपूर ने विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, निदेशिका सुनीता गुप्ता, प्राचार्य अरविंद श्रीवास्तव, शैक्षणिक प्रमुख रश्मि गाँधी, निर्णायक मंडल, अतिथिगण व अभिभावकगण का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।









छात्रों ने अपनी विशेष प्रस्तुति देकर आम से बनने वाले अलग-अलग व्यंजनों से सभी को रूबरू करवाया व कक्षा एक के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य निर्णायक मंडल के रूप में पाक कला विशेषज्ञ रिया गुप्ता सह-संस्थापक व एग्जीक्यूटिव शेफ (द बंगलो) तथा खाद्य सलाहकार (टू सेंट्स बार एंड किचन),उमेश कुंडालिया (एग्जीक्यूटिव शेफ- होटल क्लार्क शिराज) कोमिला सुनेजा धर (पेशेवर पेस्ट्री शेफ, फैशन आइकन, एग्जीक्यूटिव शेफ व सहसंस्थापक -एम कॉप) की सराहनीय उपस्थिति रही।

इसके बाद आम से बने विभिन्न व्यंजनों व पेय पदार्थों की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। माताओं ने विभिन्न व्यंजन जैसे-मैंगो शेक, चॉकलेट, केक, कस्टर्ड, दहीपुरी, हलवा, रबड़ी, पार्टी प्लैटर, आम पापड़, बर्फी, पेड़ा, आम की मिठाइयाँ, फालूदा, चाट, जूस, शेक्स, डेजर्ट, खीर, गोलगप्पे, मैंगो राइस, लडडू, पायसम, मैंगो साल्सा,भेल, अमरखंड आदि बनाए।

शेफ ने सभी को पाक कला के विशेष टिप्स भी दिए। शेफ ने सभी के द्वारा बनाए गए व्यंजनों की तारीफ की और उनके द्वारा किए गए प्रयास की सराहना भी की। उन्होंने सभी को खाने में प्रिजर्वेटिव इस्तेमाल न करने की सलाह दी।

विद्यालय के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने सभी को बताया कि यह आयोजन आम में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि कला उम्र की मोहताज नहीं होती, अतः हमें अपने हुनर को जारी रखना चाहिए।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में ऋतु गुप्ता, सरोज सोढ़ी, डॉ. मुनेश्वर गुप्ता, सुशील यादव, शुभी दयाल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में छात्रा आध्या सिंघल ने सभी का आभार व्यक्त किया क कार्यक्रम की मुख्य प्रभारी नवांकुर की समन्वयिका गौरी पचौरी रही।

### प्रतियोगिता में इनका रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रथम पायल कपूर (त्रिशाला कपूर) व कनिका गुप्ता (क्रिशान गुप्ता)

द्वितीय श्रीमती लक्ष्मी रानी (वंशिका सिंह), तृतीय मनीषा (युग)

**सांत्वना पुरस्कार**

डॉ. ऋचा जैमन (मनन गुप्ता), लीना सिंह (खियांश सिंह), शिवानी गोयल (अयांश गोयल)

**इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र दिए गए।**

## 31 जुलाई तक जमा कराएं हाउस टैक्स, 10 प्रतिशत की मिलेगी छूट

**आगरा एनएनआई।** नगर निगम ने शहर के हाउस टैक्स बकायेदारों को 31 जुलाई तक हाउस टैक्स में छूट का लाभ उठाने का आखिरी मौका दिया है। तय समय सीमा के भीतर बकाया हाउस टैक्स चुकाने वालों को वर्तमान बिल पर 10% की छूट मिलेगी। 31 जुलाई के बाद यह छूट समाप्त हो जाएगी।नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने हाउस टैक्स वसूली को लेकर सभी जोनल कार्यालयों को टारगेट फिक्स कर दिए हैं। प्रत्येक जोन के कर निर्धारण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में 50 हजार रुपए से अधिक बकाया रखने वाले संपत्ति मालिकों को प्राथमिकता पर नोटिस/बिल भेजें और बकाया वसूली की कार्यवाही तेज करें।

शहर में ऐसे हजारों संपत्ति स्वामी हैं, जिन पर 5 हजार या उससे अधिक का हाउस टैक्स बकाया है। इन सभी को निगम द्वारा व्यक्तिगत बिल भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही फील्ड स्टाफ को घर-घर जाकर बिल वितरितकरने व बकाया वसूली के लिए संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम एक अप्रैल से 31 मार्च 2026 तक के गृह कर बिल पर 31 जुलाई तक 10 प्रतिशत की छूट दे रहा है।अपर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार तिवारी के अनुसार 31 जुलाई के बाद न सिर्फ छूट समाप्त हो जाएगी, बल्कि वसूली के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। निगम द्वारा संपत्ति कुर्की, सीलिंग और सार्वजनिक नोटिस जैसे दंडात्मक उपायों को भी अपनाया जा सकता है।नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 जुलाई की समय सीमा का लाभ उठाएं और समय से हाउस टैक्स जमाकर नगर निगम की आय को सुदृढ़ बनाएं, जिससे शहर के विकास कार्यों को गति दी जा सके।

## आवास विकास जैन मंदिर में मुनिश्री का मंगल प्रवेश

**आगरा एनएनआई।** शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर जयपुर हाउस आगरा से परम पूज्य मुनि श्री 108 सौम्य सागर जी महाराज, मुनि श्री 108 निश्चल सागर जी महाराज का भव्य मंगल सेक्टर 7 आवास विकास में हुआ। ढोल नगाड़ों, बैंड बाजों के साथ भव्य अगवानी हुई जगह-जगह पर पाद प्रक्षालन हुऐ, 2 मुनिराजों के मंच पर आते ही पंडाल जयकारों से गूंज उठा। विशाल पंडाल ऐसा लग रहा था जैसे किसी मंदिर का प्रांगण हो और वहां भक्त उत्सव मना रहे हों। महिला मंडल द्वारा सुन्दर मंगलाचरण किया गया। इसके बाद दीप प्रज्जवलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट आदि मांगलिक कार्य संपन्न हुए। मुनि श्री के सानिध्य में भगवान नेमीनाथ निर्माण लाड्डू महोत्सव एवं नेमिथान भगवान का का मोक्ष कल्याण भव्य रूप से मनाया गया।



नेमिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर जैन मुनि सौम्य सागर जी महाराज ने लोगों को प्रवचन सुनाए। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी को दुख मत दो। क्यो कि किसी को दुखी करके कोई भी खुश नहीं रह सकता है। उन्होंने सभी को जियो और जीने दो के मूलमंत्र पर चलने की प्रेरणा दी।

इस मौके पर मन्दिर कमेटी के हीरालाल बैनाड़ा, राजेश बैनाड़ा, विजय जैन निमोरब, मगन चंद जैन, महेश चंद जैन, अरुण जैन, हेमा जैन, राकेश जैन पेंट, नीरज जैन, राकेश जैन, मोहित जैन, जितेश जैन, वैभव जैन, सिद्धार्थ जैन, विपिन जैन, मीडिया प्रभारी राहुल जैन सकल जैन समाज मौजूद था।

## टूटी फूटी, क्षतिग्रस्त, गड्ढा युक्त सड़कों को लेकर रोष

एनएनआई

**आगरा।** जिले में टूटी फूटी, क्षतिग्रस्त और गड्ढायुक्त सड़कों को लेकर रोष जताया गया है। नमामि गंगे जल परियोजना के माध्यम से हर घर नल, हर घर जल के तहत अंडर ग्राउंड पानी की पाइप लाइनों को सड़कों के बीचों बीच खोदकर बिछाया जा रहा है।



भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के आगरा मण्डल अध्यक्ष सोमवीर यादव किसान नेता ने कहा है किकार्यदायी संस्थाओ के द्वारा सड़कों का मरम्मत का कार्य सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। बरसात का समय हैं। सड़कें टूटी फूटी क्षतिग्रस्त गड्ढा युक्त बारिश के कारण सड़के धंसती जा रही हैं। बारिश के पानी भर जाने के कारण अन्दाज हो नहीं पाता है। ज्यादा तर खतरनाक स्थिति आगरा इनर रिंग रोड सोरा होटल बुढेरा चौराहे के इर्दगिर्द खराब हो गई हैं। यहाँ दुर्घटनायें आये दिन होती रहती हैं। ऐसी ही स्थिति इनर रिंग रोड शमसाबाद रोड़ गुतिला मोड़ पर खराब है।

खराब पड़ी सड़कों को सही कराए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के मंडलाध्यक्ष एवं किसान नेता सोमवीर यादव ने खराब सड़कों को ठीक कराने की मांग की है। मंडलायुक्त के यहाँ पर ज्ञापन कार्यक्रम में किसान नेता मुकेश पाठक, गुलाब सिंह, रमन पाठक, वीरेंद्र कुमार, शिवम कुमार, प्रहलाद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रेल राजस्व में आगरा मंडल ने माह जून में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल द्वारा निरंतर सर्वोत्तम प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही रेल राजस्व में वृद्धि हेतु सतत प्रयत्नशील है। मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आगरा मंडल द्वारा माह जून -2025 में पिछले वर्ष जून 2024 की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है।

समयपालन में इस तरह का उत्कृष्ट सुधार दर्शाता है कि ट्रेनों की समयबद्धता के लिए समयबद्ध इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य, रूट मैनेजमेंट और नियंत्रण प्रणाली में विशेष सुधार किए गए हैं। रेलवे ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा वितरण में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कम कीमत पर बढ़िया सेवा देने का प्रयास किया गया है कुशल नीति निर्माण द्वारा समर्थित ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और व्यवसाय विकास इकाइयों के कारण रेलवे को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली है।

# चार महीने के लिए बंद होने जा रहा पांटून पुल

एनएनआई



**बाह।** बटेश्वर के घाट पर यमुना नदी पर बाह के कल्यानपुर-भरतार गांव को जोड़ने वाला पांटून पुल बुधवार से हटना शुरू हो गया है।पन्द्रह अक्टूबर तक चार महीने दोनों गांव यमुना नदी की कैद में रहेंगे। ढ़ाई हजार की आबादी वाले कल्यानपुर-भरतार गांव को बटेश्वर से जोड़ने के लिए यमुना नदी पर पांटून पुल बना हुआ था। पुल के रास्ते गांव के बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल आते जाते हैं, बाजार करना हो या फिर बीमार को इलाज के लिए ले जाना हो, पांटून पुल से आसान हो गया था। खेती किसानी के काम में पुल से राहत मिलती है समय सीमा खत्म होने के साथ ही पांटून पुल हटने लगा है। गांव के लोग अब मोटरबोट पर आश्रित रहेंगे। वाहनों की आवा जाही बंद होने से गांव के लोगों को मुश्किलें होंगी। पीडब्ल्यूडी ठेकेदार चंद्रसेन तिवारी के मुताबिक पन्द्रह अक्टूबर को पुल का पुनः निर्माण होगा। गांव के पूर्व प्रधान रामवीर सिंह,जगवीर सिंह, हरवीर सिंह,शिववीर सिंह, कुलदीप भदौरिया, रिंकू भदौरिया आदि ने पांटून पुल की सौगात देने के लिए विधायक पक्षालिका सिंह से पक्के पुल के निर्माण की मांग की है। विधायक पक्षालिका सिंह ने बताया कि पक्के पुल के निर्माण की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने रखी है। उम्मीद है कि जल्द ही पक्के पुलों को मंजूरी मिलेगी।



## अवैध कब्जे से मुक्त हुआ सोरों का चकरोड

**कासगंज** एनएनआई। जनपद की सोरों कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर पुख्ता गांव में चकरोड को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया गया है। कुछ ग्रामीणों ने जिला प्रासन से शिकायत की थी कि गांव में 5 मीटर चौड़े और 500 मीटर लम्बे चकरोड़ पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची और चकरोड़ को कब्जा मुक्त कराया। शिकायतकताओं ने बताया कि कब्जाधारियों ने चकरोड को अपने खेतों में मिला लिया था। इससे अन्य ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। एसडीएम संजीव कुमार के आदेश पर बुधवार को पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची। टीम ने ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन की मदद से जमीन की पैमाइश की। इसके बाद चकरोड़ को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया गया। वहीं चकरोड़ को मुक्त कराने के दौरान कोई कानून-व्यवस्था से संबंधित दिक्कत ना आये इसको लेकर भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी गांव में तैनात किया गया था।

# सावन मेला को लेकर अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

एनएनआई

**बाह।** सावन का महीना ग्यारह जुलाई से शुरू होगा। बटेश्वर में सावन के पहले सोमवार का मेला चौदह जुलाई को लगेगा महीने में पड़ने वाले चार सोमवार को बटेश्वर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ेगा। सावन मेले को लेकर एसीपी बाह रामप्रवेश गुप्ता ने बुधवार को पुलिस और तीर्थ स्थल ट्रस्ट के साथ बटेश्वर के मंदिर,घाट,वाहन स्टैंड,कांवड़ यात्रा मार्ग,श्रद्धालु मार्ग को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया बटेश्वर के घाट,मंदिर और यात्रा मार्ग पर प्रकाश का प्रबंध होगा। श्रद्धालुओं के पेयजल के लिए टैंकर लगाए जाएंगे। सुरक्षा के लिए घाट से लेकर मंदिर तक बेरीकेडिंग कराई जाएगी। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए छाया का प्रबंध होगा। एसीपी ने बताया कि ब्रह्मलाल मंदिर पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पचमुखी महादेव मंदिर,वाहन स्टैंड, तिराहे चौराहे पर भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे।

कांवड़िए नौरंगीघाट, मई,टोका मार्ग से बटेश्वर पहुंचेंगे,कारीडोर मार्ग से मंदिर तक पहुंचेंगे। श्रद्धालु खांद मार्ग से बटेश्वर पहुंचेंगे। बड़े वाहन पुराने बस स्टैंड पर रुकेंगे,छोटे वाहन धर्मशाला के पास पार्क कराए जाएंगे। मार्ग पर सुरक्षा के लिए बैरियर लगाए जाएंगे। घाट मंदिर पर पुलिस का पहरा रहेगा, यमुना नदी में सुरक्षा के लिए मोटरबोट के साथ पीएसी के गोताखोर मुस्तैद रहेंगे। एसीपी ने कारीडोर क्षेत्र की 8 दिन में साफ सफाई कराए जाने के निर्देश ठेकेदार को दिए हैं। जिससे श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो। इस दौरान-हरनरायन सिंह भदौरिया, ध्रुव कुमार शर्मा, आनंदपाल सिंह, डीएस भदौरिया, अजय भदौरिया, प्रभारी निरीक्षक बाह सुरेश चन्द गौतम मौजूद रहे।

# एटा में कट्टीघरों का खुला खेल, अवैध रूप से बिक रहा मांस



एनएनआई

**एटा।** प्रदेश की योगी सरकार अवैध स्लॉटर हाउस के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात कर रही है तो दूसरी ओर एटा जनपद में इसी आदेश को खुलेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है। कोतवाली नगर क्षेत्र के होली मोहल्ला, किदवई नगर, मारहरा दरवाजा और इस्लाम नगर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अवैध कट्टीघरों का संचालन किया जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो इन अवैध कट्टीघरों से हर महीने मोटी रकम उगाही जाती है। बड़ा सवाल यह भी है कि जब एटा जिले में एक भी अधिकृत स्लॉटर हाउस नहीं है तो फिर प्रतिदिन क्विंटलों मांस की आपूर्ति कहां से और कैसे हो रही है? क्या जिला प्रशासन और नगर पालिका की आंखें बंद हैं। या फिर मिलीभगत की चादर में सब कुछ ढंका हुआ है।

# पीड़ित की जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा



एनएनआई

**एटा।** योगी सरकार भूमाफिया व अवैध कब्जा करने और कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने में लगी हुई है।वही आपको हाल का ही ताजा मामला बता दे कि शहर के कासगंज रोड पर स्थित शिवा धुलाई केंद्र के बराबर का है। जहां पर धुलाई केंद्र के प्रबंधक नीरज ने बताया कि यह जगह हमारी पुस्तैनी है और इसमें हमारे सभी भाई हिस्सेदार हैं वही पीड़ित ने आरोप लगाया है कि दबंग विपक्षियों ने लेखपाल कानूनो से सांठ-गांठ कर वो अपनी जगह को सही तरीके से नहीं नाप रहे पीड़ित के द्वारा की बार कहने पर भी सही से नहीं नाप रहे हैं। वही दबंग जबरन नींव लगाने के लिए ईंट और सीमेंट लाकर रख ली। दीवार लगाने के चक्कर में है। वही जब विवाद ज्यादा बड़ा तो पीड़ित के परिजनों सहित महिलाओं ने दीवार लगाने का विरोध किया और कहा कि दुबारा से नाप करा ली जाए और विपक्ष अपना जगह के बैनामा सहित अन्य दस्तावेज दिखाएं। विवाद देर शाम तक चलता रहा। मौके पर मौजूद थाना देहात थानाप्रभारी आर.के सिंह सहित महिला पुलिस के भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। मौजूद राजस्व विभाग टीम ने दोनों पक्षों को दो दिन का समय दिया कहा कि दोनों पक्ष अपने अपने दस्तावेज लेकर आए और दिखाऐ,जिसके दस्तावेज सही होंगे उसके आधार पर काम होगा।

## मोहर्रम की छठी पर जुलूस के साथ ताजिए व अलम निकाले

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। कस्बा में मोहर्रम की छठवीं सादगी के साथ मनाई गई इस मौके पर इमामबाड़ों को सजाया गया वही शाम को जुलूस ढोल तथा बैंड बाजों के साथ सराय पुख्ता से ताजिए और अलम के साथ जुलूस शुरू हुआ। जो बाजार होता हुआ बनी इसराइल में इमामबाड़ा पर पहुंचा जुलूस का बाजार में अनेकों स्थान पर स्वागत किया गया। वहीं लोगों ने दूध तथा शरबत की प्याऊ लगाकर प्रसाद वितरण किया। लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में सलाम पेश करते हुए चल रहे थे। जुलूस का समापन राइन इमाम बड़े पर किया गया। इस मौके पर फातिहा के अलावा धार्मिक अनुष्ठान किए गए। लोगों ने ताजियों पर मनौती मांगी। जुलूस में प्रमुख रूप से शहजाद राइन, बफाती राइन, डॉ मुस्तकीम, अलाउद्दीन, मोहम्मद, इमरान आदि के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी

एनएनआई

**एटा।** जिले में अवैध लकड़ी कटान के मामले धड़ल्ले से सामने आ रहे हैं जिन्हें रोकने में वन विभाग पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। प्रतिदिन बेखौफ लकड़ी माफिया पेड़ों का कटान कर रहे हैं जिनकी शिकायतें होने के बावजूद उन पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। ताजा मामला मिरहची क्षेत्र का है जहां अवैध कटान की शिकायत करने पर एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी मिली है।

जानकारी के अनुसार, मिरहची निवासी एक ठेकेदार के संरक्षण में प्रतिबंधित पेड़ों का अवैध कटान चल रहा था। एक पत्रकार ने इस संबंध में वन विभाग को सूचना दी और संबंधित अधिकारियों को भी जानकारी साझा की। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक वन विभाग के कर्मचारियों ने यह जानकारी माफिया को दे दी। इससे बौखलाए ठेकेदार ने पत्रकार को फोन पर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दे डाली। इतना ही नहीं आरुष ने विभाग को चुनौती देते हुए यह भी कहा कि रोजाना इस दौरान लकड़ी कटान जारी रहेगा।

बताया जा रहा है कि ठेकेदार की एक आरा मशीन है जहां धड़ल्ले से अवैध लकड़ी का कटान होता है। विभागीय कर्मचारियों की आरुष पर मेहरबानी समझ से परे है। बीते दिनों भी अवैध कटान की तीन सूचनाएं (मिरहची स्थित ईंट भट्ठा के निकट जामुन नीम व अन्य प्रजातियां मिरहची साउसपुर गांव में आम के स्वस्थ पेड़ों का कटान बरहना गांव के कच्चे चक मार्ग अतरंजी खेर के पीछे) वन विभाग को दी गई थीं, लेकिन अभी तक इन पर कोई ठोस कदम उठाए जाने की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

इससे पहले भी अवैध कटान के दर्जनों मामले सामने आ चुके हैं और कई समाचार पत्रों में प्रकाशित भी हुए हैं। लेकिन विभागीय कर्मचारियों ने या तो उन्हें हल्के जुर्माने में बदल कर रफा-दफा कर दिया इस घटना ने एक बार फिर वन विभाग की कार्यप्रणाली और अवैध लकड़ी कटान पर लगाम लगाने में उसकी विफलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## संपादकीय

# आखिर पारदर्शिता क्यों नहीं है!




ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी फौज ने भारत के लड़ाकू विमान गिराए या नहीं, इस सवाल पर फिर विवाद उठ खड़ा हुआ है। इस बार नौ सेना के एक अधिकारी द्वारा इंडोनेशिया में हुए एक सेमिनार में की गई टिप्पणी ने मसले को हवा दी है। कैप्टन शिव कुमार के बयान को इस बात की पुष्टि के रूप में देखा गया है कि भारत के लड़ाकू विमान गिरे। इसके पहले सिंगापुर में हुए शांगरी-ला डायलॉग के दौरान रक्षा सेनाओं के प्रमुख (सीडीएस) अनिल चौहान की एक इंटरव्यू में कही गई बातों से ऐसी ही चर्चा गर्म हुई थी। कैप्टन कुमार ने कहा कि पाकिस्तान के साथ लड़ाई के पहले दिन भारत को कुछ विमान इसलिए खोने पड़े, क्योंकि आरंभ में सरकार ने सिर्फ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने की सीमा भारतीय बलों पर लगा रखी थी। उन्होंने कहा कि भारत के राजनीतिक नेतृत्व का निर्देश था कि पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाना है। इसलिए भारतीय सेना ने सिर्फ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया और इस वजह से पाकिस्तान को मौका मिला कि उसने भारत के विमानों को मार गिराया। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के राजनीतिक नेतृत्व को पाकिस्तान के परमाणु शक्ति होने की वजह से चिंता थी।

यह बयान दो बिंदुओं पर नरेंद्र मोदी सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा करता है। पहला तो यही कि इससे संकेत मिलता है कि भारत को लड़ाकू विमान गंवाने पड़े। दूसरा यह कि सेना के हाथ उस हद तक नहीं खुले हुए थे, जैसा एलान सरकार करती रही है। जहां तक विमान खोने की बात है, तो भारत सरकार ने ना तो दो-टूक ऐसी चचाओं का खंडन किया है और ना ही इनकी पुष्टि की है। इस कारण सबसे ज्यादा भ्रम में भारत के लोग ही हैं।बाद में सरकार की ओर से सफाई दी गई कि कैप्टेन शिव कुमार के कहने का मतलब यह था कि पड़ोसी देश के इतर भारत में सेना राजनीतिक नेतृत्व के निर्देश पर काम करती है। सवाल है कि राजनीतिक नेतृत्व सैन्य कार्रवाई का समय ही तो तय कर सकता है, कार्रवाई कैसे करनी है यह तो सेना के ऊपर छोड़ना चाहिए? लेकिन भारत में राजनीतिक नेतृत्व ने अपने हिसाब से कार्रवाई के लिए दबाव बनाया, जिसकी वजह से भारत के लड़ाकू विमान गिरे। भारत ने सैन्य कार्रवाई के इस बेसिक सिद्धांत का उल्लंघन किया कि दुश्मन के एयर डिफेंस को सबसे पहले पंगु करना चाहिए। यही काम इजराइल ने ईरान के खिलाफ किया था और इसलिए उसका कोई लड़ाकू विमान नहीं गिरा। पता नहीं कैसे भारत के राजनीतिक नेतृत्व को यह भरोसा था कि पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे तो वह भारत के अपनी सीमा में उड़ रहे विमानों को निशाना नहीं बनाएगा! यह समझदारी और खुफिया सूचना दोनों की विफलता है। अब यह साफ हो गया है कि पाकिस्तान तैयार था और जैसे ही भारत ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उसने भारत की सीमा में उड़ रहे लड़ाकू विमानों को निशाना बना दिया। अब इस बड़ी विफलता के बाद सरकार को साफ साफ इस बारे में जानकारी देनी चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि भारत के कितने विमान गिरे हैं। चूंकि देश तीखे सियासी ध्रुवीकरण का शिकार है, इसलिए इस बारे में जब कभी एक ओर से सवाल पूछे गए, तो दूसरी तरफ के लोगों ने सवाल पूछने वालों की देशभक्ति को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की। जबकि बाहरी दुनिया में इस प्रकरण पर पूरे विस्तार से चर्चा हुई। वहां ये मुद्दा पुराना पड़ चुका है। ऐसे में संबंधित पूरी जानकारी आधिकारिक रूप से जारी कर देने से आखिर देश को क्या नुकसान होगा? आखिर तब भी सच यही रहेगा कि आरंभिक झटके के बाद भारतीय सेना उबरी और फिर उसने पाकिस्तान में अंदर तक सैन्य ठिकानों को उसने गहरी चोट पहुंचाई। पलड़ा आखिरकार भारत के हक में ही झुका। सरकारी पारदर्शिता से ये सच और चमकता हुआ दिखेगा।

### टीएफआई महासचिव का सनसनी खेज आरोप और खुलासा...

# ताइक्वांडो सहित दर्जनों खेल संघों को हाईजैक करने में जुटा आईओए!

हरिद्वार से लौटकर प्रदीप कुमार रावत

**आगरा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में 2036 को लेकर ओलंपिक की संकल्पना लेकर आगे बढ़ रहे हैं। पीएम चाहते हैं कि देश में ओलंपिक खेलों का आयोजन भव्यता के साथ हो और इन खेलों में भारतीय एथलीट्स ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचें कि पूरी दुनियां याद रखें और कहें कि भारत बढ़ती जनसंख्या में पहले पायदान और आर्थिक रूप चौथी से तीसरी अर्थव्यवस्था के साथ साथ खेलों में भी अग्रणी है। लेकिन क्या वास्तव में भारतीय ओलंपिक संघ देश के खिलाड़ियों को 2036 के लिए तैयार कर रहा है, यह एक वाजिब और यक्ष प्रश्न है। उधर, आईओए की मंशा तो कुछ और ही कह रही है। देखिए स्पेशल रिपोर्ट...

आप को बताते चलें कि वर्तमान में करीब एक दर्जन से अधिक ऐसे खेल हैं जो जद्दोजहद के बीच में फंसे ही नहीं हैं बल्कि आईओए की अंतर्कलह से संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए कहीं न कहीं आईओए में वर्चस्व की जंग है। ताइक्वांडो भी इसी राजनीति का ऐसा शिकार हो चुका है कि निकलने का नाम नहीं ले रहा। आज ताइक्वांडो में चार-चार एसोसिएशन मौजूद हैं, इसके लिए सीधा जिम्मेदार भारतीय ओलंपिक संग को बताया जा रहा है।





जिस ताइक्वांडो फैडरेशन ऑफ इंडिया(टीएफआई) को तमाम विवादों और बदनामी से बचाने के लिए इंडिया ताइक्वांडो (आईटी) बनाने की मुहिम प्रभात कुमार शर्मा ने छेड़ी थी, वह तो आईओए के छलावे एवं झूठ के भरोसे वह तो पूरी हो गयी लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ, जिसका मुख्य कारण भी भारतीय ओलंपिक संघ है।

टीएफआई महासचिव प्रभात कुमार शर्मा ने एक्सक्लूसिव बातचीत में बताया कि ताइक्वांडो को हाईजैक करने का कुचक्र रचा गया, यही नहीं न्यायालय को भी भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा जब तक मैं हूँ, तब तक आईओए के इस चक्रव्यू को सफल नहीं होने दुंगा, चाहे इसके लिए कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़े। प्रभात शर्मा बेबाकी के साथ यह कहने से नहीं हिचके कि मैं अपने धुर विरोधियों को यह चुनौती ही नहीं चेतावनी दे रहा हूँ कि वह संभल जाएं अन्यथा उन्हें जेल जाने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने बताया कि मैंने ताइक्वांडो में चल रहे विवादों के कारण ही टी एफ आई को इंडिया ताइक्वांडो में तब्दील करने की सिफारिश वर्ल्ड ताइक्वांडो से आईओए के माध्यम से की थी, लेकिन आईओए के तथाकथित चेयरमैन ने ऐसा झूठ का जाल बुना कि हमें पता ही नहीं चला कि वर्ल्ड ताइक्वांडो को गलत तथ्य परोस कर नामदेव शिरगांवकर एफिलेशन ले आए, जब हमें पता चला तो हमने वर्ल्ड ताइक्वांडो को पूरी स्थिति से अवगत ही नहीं कराया बल्कि नामदेव और इनके द्वारा किए जा रहे कृत्यो की भी जानकारी वर्ल्ड ताइक्वांडो को दी है।

प्रभात शर्मा ने हरिद्वार में हो रही राष्ट्रीय जूनियर एवं सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जोर देकर कहा कि मैं एक अधिवक्ता हूँ और बखूबी जानता हूँ कि झूठ का राजफाश न्यायालय में कैसे किया जाता है। प्रभात कहते हैं मैं इन्हें छोड़ने वाला नहीं हूँ, आज आपके सामने कह रहा हूँ कि मैं साक्ष्यों के साथ सभी जानकारी ईडी एवं सीबीआई को देने जा रहा हूँ। प्रभात शर्मा बेहद उखड़े एवं उग्र अंदाज में बोले कि आईओए ने जो ताइक्वांडो को हाईजैक करने का कुचक्र एवं जाल बुना है उसे न्यायालय में भारी पड़ने वाला है, यही नहीं आईओए के साथ यह सबसे अधिक उस व्यक्ति पर भारी पड़ेगा जिसने यह बिसात बिछाई और चेयरमैन बनकर धोखा देकर इंडिया ताइक्वांडो पर सत्तारुढ़ हो गया। उन्होंने हमारे विशेष संपादक प्रदीप कुमार रावत से कहा कि निश्चित रहिए जल्द ही बहुत बड़ा होने जा रहा है, जो ऐसा होगा उसे इतिहास में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस तरीके से खिलाड़ियों को गेल कार्ड, नेशनल चैंपियनशिप, इंटरनेशनल चैंपियन के नाम पर ट्रायल और न जाने क्या क्या... उन्होंने कहा मेरे पास पुख्ता साक्ष्य हैं, एथलीट्स, कोच उनके साथ हैं लेकिन जानकारी मुझे दे रहे हैं। इस बात को गहराई से समझिये, उन्होंने कहा अब बहुत हो चुका, मैं खिलाड़ियों को और अधिक बर्बाद नहीं होने दुंगा। प्रभात शर्मा ने चलते- चलते कहा कि निश्चित हम लौटेंगे और देश के खिलाड़ी एशियाई खेलों में ही नहीं बल्कि ओलंपिक में भी पहुंचेंगे।

# नौशेरा का शेरः आगरा का मान व गौरव

## शहीद ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान, महावीर चक्र की अमर गाथा

आज, 3 जुलाई, 'नौशेरा का शेर' कहे जाने वाले शहीद ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान का शहादत दिवस है। वह भारतीय सेना के इतिहास में वह नाम हैं, जिन्होंने धर्म और मजहब से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखा। अपनी शहादत से पहले उन्होंने जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी हर सैनिक और हर युवा के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

मात्र 36 वर्ष की आयु में जांबाज ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान आगरा स्थित 50वीं पैरा ब्रिगेड के कमांडर थे। यहीं से उनकी सैन्य टुकड़ी ने कश्मीर मोर्चे के लिए कूच किया और नौशेरा जैसे संवेदनशील इलाके को दुश्मनों के कब्जे से मुक्त कराया। आज भी आगरा की छावनी और पैराट्रूपर्स की परंपरा ब्रिगेडियर उस्मान की वीरता को गौरव से याद करती है।

**प्रारंभिक जीवन और सैन्य करियरः** 15 जुलाई 1912 को उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के बीबीपुर गांव में जन्मे ब्रिगेडियर उस्मान ने बनारस में पढ़ाई की और 1934 में ब्रिटिश रॉयल मिलिट्री अकादमी, सैंडहर्स्ट से सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया। उनके



सहपाठियों में सैम मानेकशॉ जैसे दिग्गज भी थे। द्वितीय विश्व युद्ध में बर्मा मोर्चे पर उनकी बहादुरी ने उन्हें एक निर्भीक अधिकारी के रूप में स्थापित कर दिया।

**पाकिस्तान का प्रस्ताव और उनका दृढ़ संकल्पः** विभाजन के समय पाकिस्तान ने उन्हें अपनी सेना का पहला प्रमुख बनने का प्रस्ताव दिया था। परंतु ब्रिगेडियर उस्मान ने बिना किसी हिचकिचाहट के ठुकरा दिया और कहा मेरा मजहब चाहे जो हो, मेरा मुल्क हिंदुस्तान है। यह कथन आज भी उनकी अटूट देशभक्ति और धर्मनिरपेक्ष सोच की मिसाल है।

**नौशेरा की जंगः जब बना 'शेर':** 1947-48 के भारत-पाक युद्ध में ब्रिगेडियर उस्मान ने नौशेरा सेक्टर में पाकिस्तानी कबायलियों और सेना के घुसपैठियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। 6 फरवरी 1948 को जब नौशेरा पर 11,000 से अधिक हमलावर टूट पड़े, तब केवल 33 भारतीय सैनिकों की शहादत के बदले उन्होंने 2,000 से अधिक दुश्मन मार गिराए। उनकी वीरता और रणनीति ने उन्हें नौशेरा का शेर बना दिया। उनकी हत्या के लिए पाकिस्तान ने उन पर 50,000 रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया था, लेकिन उस्मान अपने प्रण से टस से मस नहीं हुए।

**झंगड़ की कसम और अंतिम बलिदानः** झंगड़ पर पाकिस्तानी कब्जा होते ही ब्रिगेडियर उस्मान ने प्रण लिया था कि जब तक झंगड़ वापस नहीं लूंगा, जमीन पर ही सोऊँगा। मार्च 1948 में उन्होंने झंगड़ को आजाद कराया। कोट की लड़ाई में भी केवल 7 जवानों के नुकसान पर 156 दुश्मनों को हराकर उन्होंने अपनी युद्धनीति की ताकत दिखाई। 3 जुलाई 1948 को एक गोला उनके पास फटा और वे मात्र 36 वर्ष की आयु में वीरगति को प्राप्त हुए। परंतु उनका बलिदान झंगड़ पर भारत की निर्णायक विजय का प्रतीक बना।

**सेना में अमर आदर्शः** आज भी देश की रक्षा अकादमियों में 'नौशेरा का शेर' के नाम से जोशीला गान नए कैडेट्स के हौसले को शेर जैसी दहाड़ देता है-

उस्मान की तलवार जो, शेरा शेरा नौशेरा, जीत की पुकार जो, शेरा शेरा नौशेरा, शेर की दहाड़ जो, शेरा शेरा नौशेरा, जंगल का राजा कौन, शेरा शेरा नौशेरा'

**सम्मान और विरासतः** उनकी शहादत के बाद उनका पार्थिव शरीर दिल्ली लाया गया, जहां प्रधानमंत्री नेहरू और गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने श्रद्धांजलि दी। उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। उनकी समाधि जामिया मिलिया इस्लामिया के पास है।

इस जयंती पर हमें प्रण लेना होगा कि हम भारत की ताकत को उसकी एकता में ही बनाए रखेंगे। आगरा से निकला यह शेर हमें बताता है कि मुल्क की मिट्टी से बड़ा कोई मजहब नहीं होता। यही **'नौशेरा का शेर'** का अमर संदेश है।

**-लेखः कर्नल जी. एम. खान, सेना मेडल**



मनी लॉन्ड्रिंग मामला:

## जैकलीन फर्नांडीज की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट आज सुनाएगा फैसला

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली हाईकोर्ट गुरुवार को अपना फैसला सुनाएगी। हाई कोर्ट उस याचिका पर फैसला सुनाने जा रहा है जिसे अभिनेत्री ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग केस को रद्द करवाने के लिए दाखिल किया था। यह मामला ठग सुकेश चंद्रशेखर के 200 करोड़ रुपए के घोटाले से जुड़ा है। जैकलीन फर्नांडीज ने अपनी याचिका में न केवल ईडी के एफआईआर को खारिज करने की मांग की है, बल्कि निचली अदालत की ओर से चार्जशीट पर संज्ञान लेने के आदेश को भी चुनौती दी है। उन्होंने कोर्ट से आग्रह किया है कि उनके खिलाफ शुरू की गई कानूनी प्रक्रिया को रोका जाए। जैकलीन ने कोर्ट में दी गई अपनी दलील में साफ कहा है कि उन्हें जानबूझकर इस मामले में फंसाया गया है और उनके खिलाफ लगाए गए सारे आरोप झूठे और निराधार हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सुकेश चंद्रशेखर और अदिति सिंह ने उनके साथ फर्जीवाड़ा किया है। जैकलीन का कहना है कि उन्हें एक साजिश के तहत निशाना बनाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मनी लॉन्ड्रिंग से कोई लेना-देना नहीं है और सुकेश ने उन्हें जानबूझकर टारगेट किया। जैकलीन ने यह भी कहा कि सुकेश के उस दावे में कोई सच्चाई नहीं है जिसमें उसने कहा था कि वे दोनों एक रिलेशनशिप में थे। अभिनेत्री ने इस दावे को पूरी तरह से झूठा और बेबुनियाद करार दिया। यह मामला साल 2021 में तब सामने आया जब तिहाड़ जेल से ही एक बड़े घोटाले को अंजाम देने वाले ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज हुआ। आरोप है कि 200 करोड़ रुपए की ठगी की गई। बाद में जांच में पता चला कि सुकेश ने इस रकम का इस्तेमाल कई हस्तियों को महंगे तोहफे देने में भी किया था, जिनमें जैकलीन फर्नांडीज का नाम प्रमुखता से सामने आया। जानकारी के मुताबिक, जैकलीन को सुकेश की ओर से कई महंगे गिफ्ट्स मिले थे, जिनकी कीमत करोड़ों में थी। अब सबकी निगाहें दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले पर टिकी हैं, जो यह तय करेगा कि जैकलीन फर्नांडीज को इस मामले में राहत मिलेगी या नहीं।

# मुझे प्रभावित करती है केके मेनन की शैली : ताहिर राज भसीन



मोस्टअवेटेड जासूसी-थ्रिलर 'स्पेशल ऑप्स 2' 11 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इस सीरीज में एक्टर ताहिर राज भसीन खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। ताहिर ने अपने को-एक्टर केके मेनन के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया और बताया कि उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। ताहिर ने केके मेनन के साथ एक्टिंग को एक बड़ी उपलब्धि और चुनौती बताया। उन्होंने कहा, केके मेनन जैसे दिग्गज एक्टर के सामने काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैंने उनके हीरो और विलेन दोनों किरदारों को देखकर बहुत कुछ सीखा है। 'हिम्मत सिंह' के रूप में उनकी एक्टिंग, गंभीरता दर्शकों को बेहद पसंद है। हालांकि, मेरा किरदार ऐसा है, जो कहानी में तनाव को और बढ़ाता है, जिसमें सहजता और चतुराई दोनों का तड़का है। ताहिर ने मेनन से मिली सीख का जिक्र करते हुए कहा, केके सर से मैंने सेट पर और बाहर दोनों जगह बहुत कुछ सीखा। उनकी धैर्यपूर्ण और सादगी भरी शैली मुझे बहुत प्रभावित करती है। जिंदगी के अनुभवों से भरी बातचीत से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। 'स्पेशल ऑप्स 2' में केके मेनन एक बार फिर अधिकारी हिम्मत सिंह की भूमिका में दिखेंगे। इस बार हिम्मत एक ऐसी जंग लड़ते हैं, जो दिखाई नहीं देती। मेनन ने अपने किरदार के बारे में कहा, हिम्मत सिंह हमेशा बुद्धि, साहस और जज्बे के साथ लड़ता है। इस बार चुनौती और भी जटिल है। यह सीजन न केवल देश की सुरक्षा के मुद्दों को उठाता है, बल्कि हिम्मत के निजी जीवन, एक पिता और देशभक्त की भावनाओं को भी उजागर करता है। शिवम नायर के निर्देशन में तैयार इस सीरीज में ताहिर राज भसीन, केके मेनन के साथ एक्टर प्रकाश राज, विनय पाठक, सयामी खेर, इब्राहिम, गौतमी कपूर, परमीत सेठी और काली प्रसाद मुखर्जी जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में हैं। 'स्पेशल ऑप्स 2' साइबर और राष्ट्रीय सुरक्षा की पृष्ठभूमि में एक रोमांचक कहानी पेश करती है। सीरीज का प्रीमियर 11 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर होगा।



## अजय देवगन और मेरे बीच फिल्मों को लेकर कभी झगड़ा नहीं हुआ : काजोल

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने अपने पति अजय देवगन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि जब भी वे फिल्मों को लेकर साथ काम करते हैं, तो उनके बीच कभी कोई लड़ाई या झगड़ा नहीं होता। काजोल ने बताया कि दोनों के बीच एक-दूसरे के लिए बहुत इज्जत और समझदारी है, चाहे वो काम से जुड़ी बात हो या घर की। वह अजय के वित्तीय फैसलों में दखल नहीं देतीं, क्योंकि उन्हें भरोसा है कि अजय के पास इस काम के लिए बेहतर सलाहकार हैं। काजोल ने कहा, "पैसों के मामलों में अजय के पास सलाह देने वाले कई लोग हैं, जो उन्हें बताते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं। मैं उस मामले में दखल नहीं देती। जहां तक फिल्म 'मां' का सवाल है, तो हां, हमने इस पर काफी लंबी बातचीत की थी। हमें फिल्म का क्लाइमेक्स भी फिर से शूट करना पड़ा, क्योंकि उसमें वीएफएक्स और एक्शन जैसे कुछ काम बाकी थे। कुल मिलाकर हम दोनों की सोच इस फिल्म को लेकर मिलती-जुलती रही। हमारे बीच कोई बड़ी बहस या झगड़ा नहीं हुआ।" काजोल ने अजय देवगन के प्रोड्यूसर बनने के सफर के बारे में बात करते हुए कहा, "वह बहुत ही अच्छे प्रोड्यूसर हैं। स्क्रिप्ट से लेकर वीएफएक्स तक, वह हर चीज में खुद शामिल रहते हैं। यहां तक कि फिल्म की मार्केटिंग भी उन्होंने अपनी देखरेख में की। वह ध्यान रखते हैं कि सब कुछ अच्छे से हो और सही तरीके से काम हो। मैं कह सकती हूं कि वह एक बेहतरीन प्रोड्यूसर हैं।" काजोल ने कहा, "मैं मानती हूं कि अजय एक ऐसे प्रोड्यूसर हैं, जो साफ सोच रखते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि उनकी कंपनी से जो भी फिल्म निकले, वो अच्छी हो, ऐसी हो जिस पर वह गर्व कर सकें और कह सकें कि यह उनकी फिल्म है। कई बार पैसे बचाने के लिए क्वालिटी से समझौता करना आसान होता है, लेकिन अजय ने कभी ऐसा नहीं किया। एक प्रोड्यूसर के तौर पर यह बहुत बड़ी बात है। इसके लिए मैं उनकी तारीफ करती हूं।" काजोल की नई फिल्म 'मां' 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को अजय देवगन ने अपने प्रोडक्शन हाउस 'अजय देवगन एफफिल्म्स' के तहत बनाया।

# भारत और इंग्लैंड दूसरा टेस्ट : भारत- 310/5

## शुभमन संेचुरी बनाकर नॉटआउट, जडेजा के साथ 99 रन की पार्टनरशिप, यशस्वी ने 87 बनाए

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के पहले दिन इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 310 रन बना लिए। कप्तान शुभमन गिल सेंचुरी और रवींद्र जडेजा 41 रन बनाकर नॉटआउट रहे। दोनों आज भारत की पारी आगे बढ़ाएंगे। दूसरे दिन का खेल दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

### यशस्वी-करुण की फिफ्टी पार्टनरशिप

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने पहले सेशन में केएल राहुल का विकेट जल्दी गंवा दिया। वे 2 ही रन बनाकर क्रिस वोक्स की गेंद पर बोल्ड हो गए। उनके बाद फिर यशस्वी जायसवाल ने करुण नायर के साथ 80 रन की पार्टनरशिप कर ली। करुण 31 रन बनाकर आउट हुए।




### पंत और नीतीश नहीं चले

तीसरे सेशन में शुभमन गिल ने अपनी 8वीं टेस्ट फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि, उनके सामने ऋषभ पंत 25 और नीतीश कुमार रेड्डी 1 ही रन बनाकर आउट हो गए। नंबर-7 पर उतरे रवींद्र जडेजा ने पारी संभाली और शुभमन के साथ 99 रन की पार्टनरशिप कर ली। दोनों ने दिन का खेल खत्म होने तक भारत का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया।

### इंग्लैंड से वोक्स को 2 विकेट

इंग्लैंड को पारी का पहला विकेट दिलाने वाले तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने 2 विकेट लिए। उन्होंने केएल राहुल और नीतीश रेड्डी को पवेलियन भेजा, दोनों बोल्ड हुए। बेन स्टोक्स ने यशस्वी जायसवाल को कॉट बिहाइंड कराया। वहीं शोएब बशीर ने ऋषभ पंत और ब्रायडन कार्स ने करुण नायर को पवेलियन भेजा।

### यशस्वी ने 87 रन बनाए

यशस्वी जायसवाल ने जोश टंग के ओवर में लगातार 3 चौके लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने पहले टेस्ट में संेचुरी लगाने के बाद दूसरे टेस्ट में फिफ्टी लगा दी। यशस्वी दूसरे सेशन में 87 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इस सेशन में शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने भारत का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को 77 रन से पहला वनडे हराया

## कप्तान चरिथ असलंका का शतक, वनिंदू हसरंगा ने 4 विकेट लिए

**कोलंबो।** टेस्ट सीरीज 1-0 से जीतने के बाद श्रीलंका ने बांग्लादेश को पहला वनडे भी हरा दिया। बुधवार को होम टीम ने कोलंबो में 77 रन से मुकाबला जीता और 3 वनडे की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। 106 रन बनाने वाले कप्तान चरिथ असलंका प्लेयर ऑफ द मैच रहे। लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा ने 4 विकेट लिए। श्रीलंका की खराब शुरूआत आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका ने बैटिंग चुनी, लेकिन टीम की शुरूआत खराब रही। 29 रन पर 3 विकेट गिर गए। निशान मदुष्का ने 6 रन बनाए, वहीं पाथुम निसांका और कामिंडु मेंडिस खाता भी नहीं खोल सके।

विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने फिर असलंका के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को संभाल लिया। असलंका ने 5वां वनडे शतक लगाया मेंडिस 45 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद जनिथ लियानागे ने 29 रन बनाए और असलंका के साथ 64 रन की साझेदारी कर ली। लोअर मिडिल ऑर्डर में मिलन रत्नायके और वनिंदू हसरंगा ने 22-22 रन बनाए। असलंका ने सेंचुरी लगाई, वे 106 रन बनाकर 9वें विकेट के रूप में आउट हुए। यह उनके वनडे करियर की 5वीं सेंचुरी रही। श्रीलंका 49.2 ओवर में 244 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।




# भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया, सीरीज में 2-1 की बढ़त

## वैभव सूर्यवंशी ने 31 गेंदों में 86 रन बनाए



नई दिल्ली। नॉर्थम्प्टन में खेले गए तीसरे यूथ वन-डे इंटरनेशनल में भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड-19 को 4 विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही भारतीय टीम की 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हो गई है। इस मैच में जीत के हीरो 14 साल के वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने 31 गेंदों पर 86 रन बनाए। भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बारिश की वजह से मैच 40-40 ओवर का खेला गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाए। वहीं, 269 के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 33 गेंदें शेष रहते जीत हासिल की।

### अच्छी शुरूआत के बाद भी इंग्लैंड बड़ा स्कोर नहीं कर पाया

इंग्लैंड के ओपनर्स ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। इंग्लैंड का पहला विकेट 78 रन पर गिरा, लेकिन बीच में 4 विकेट 35 रन पर गंवाए। इंग्लैंड के लिए थॉमस रियू ने शानदार नाबाद 76 रन (44 गेंद, 9 चौके, 3 छक्के) बनाए, जबकि बेन डॉकिन्स ने 62 और इसहाक मोहम्मद ने 41 रनों की पारी खेली। वहीं, रियू और राल्फी अल्बर्ट (21) ने 60 रनों की साझेदारी कर स्कोर को 268 तक पहुंचाया।

### कनिष्क चौहान ने 3 विकेट लिए

भारत की ओर से कनिष्क चौहान ने 30 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, नमन पुष्पक, विहान मल्होत्रा और दीपेश देवेंद्रन को 1-1 विकेट मिला।

### भारत की तेज शुरूआत

269 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरूआत दी। उन्होंने मॉर्गन के एक ओवर में लगातार दो छक्के जड़ कर भारत का स्कोर 4.4 ओवर में 50 रन तक पहुंचाया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 20 गेंदों में भारत अंडर-19 के इतिहास का तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा और 31 गेंदों में 86 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 9 छक्के जड़े। भारत ने 40 ओवर के इस मैच में इंग्लैंड के 268/6 के जवाब में 33 गेंदें शेष रहते जीत हासिल की। सूर्यवंशी के आउट होने तक भारत ने 8 ओवर में 111/2 रन बना लिए थे। इसके बाद विहान मल्होत्रा ने 34 गेंदों में 46 रन (7 चौके, 1 छक्का) बनाए, लेकिन उनकी और दो अन्य विकेट जल्दी गिरने से स्कोर 6 ओवर में 30 रन पर सिमट गया। फिर कनिष्क चौहान (43) और आरएस अंब्रीश (31) ने नाबाद 75 रनों की साझेदारी कर भारत को जीत दिलाई।

# गुरुवार, 03 जुलाई राशिफल

मेष राशि के लिए आज का दिन चंद्रमा के गोचर से लाभकारी रहेगा। आप आज धन संपत्ति का लाभ पाएंगे। आज आपका जमीन-जायदाद से जुड़ा कोई मामला है तो वह सुलझ सकता है। आपको आज कहीं से अचानक लाभ मिलेगा।

वृषभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज का दिन आपके खर्च को बढाने वाला है। वैवाहिक जीवन में लंबे समय से चला आ रहा तनाव आज दूर हो जाएगा। आपको आज बिजनेस मे आर्थिक लाभ मिलेगा। लव लाइफ मे आज प्रेमी के साथ यात्रा का प्लान बना सकते हैं।

मिथुन राशि के लोगों को आज भाग्य का साथ मिलेगा। राशि में गुरु की मौजूदगी से आप बेहतर प्रबंधन क्षमता का लाभ ले पाएंगे।खर्च और कमाई के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। अगर आप अपने बच्चे के करियर को लेकर चिंतित थे तो उनकी तरफ से कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

कर्क राशि के सितारे आज बुलंदियों पर हैं,आपको आज नौकरी की तलाश में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आज आप प्रगति करेंगे। कुछ नए अवसर भी आपको प्राप्त होंगे। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको आज सहयोग मिल सकता है।

सिंह राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आज का दिन मंगल केतु की युति से उलझन भरा रहेगा। जोखिम वाले काम से आपको आज दूर रहना चाहिए। बिजनेस करने वाले लोगों को परिश्रम से लाभ मिलेगा। मेहनत करेंगे तभी आज भाग्य साथ दे पाएगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके लिए आज सलाह है कि, कार्यस्थल पर आपको बिना सोचे-समझे किसी से कुछ नहीं कहना चाहिए, अन्यथा आपको परेशानी हो सकती है। सेहत के मामले में भी आज आपको सजग रहने की जरूरत है।

तुला राशि के लिए सितारे बताते हैं कि आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। अगर आप आज साझेदारी में कोई काम करेंगे तो इससे आपको फायदा मिलेगा आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिल सकता है।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन मानसिक तनाव को बढा सकता है। नौकरी करने वाले लोगों को ध्यान देकर काम करना होगा नहीं आपके अधिकारी किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। आपको आज जीवनसाथी के सहयोग और सलाह से फायदा हो सकता है।

धनु राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक और शुभ रहने वाला है। नौकरी करने वाले लोग आज कोई अच्छा अवसर मिल सकता है। किसी मित्र से आपको आज सहयोग मिलेगा। अविवाहित लोगों के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आएंगे।

मकर राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन आनंददायक रहने वाला है। आपको आज भाग्य अपने प्रयास में सफल बनाएगा। आपको आज वाहन सुख मिल सकता है। आप प्रॉपर्टी में निवेश करना चाह रहे हैं तो इसके लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज बिजनेस में मुनाफा मिलने से खुशी मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका काम सुचारू रूप से चलेगा। लेकिन कुछ शत्रु आप पर हावी होने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको बचना होगा।

मीन राशि के सितारे बताते हैं कि आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में अनुकूल रहेगा। आपकी राशि पर चंद्रमा की दृष्टि से आप थोड़े भावुक भी हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में आज का दिन सामान्य रहेगा। आप अपने बजट का ध्यान रखते हुए आज काम कर पाएंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# भगवान नेमिनाथ को अर्पित हुआ 122 किलो का निर्वाण लड्डू, भव्य शोभायात्रा निकली

- आचार्य चैत्यसागर जी के सान्निध्य में श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पीर कल्याणी नसिया जी में मनाया गया निर्वाण महोत्सव

एनएनआई



**आगरा।** श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पीर कल्याणी नसिया में मंगलवार को भगवान नेमिनाथ का निर्वाण कल्याणक महोत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। आचार्य चैत्यसागर जी महाराज ससंघ का श्री शांतिनाथ मंदिर, हरीपर्वत से शोभायात्रा सहित मंगल प्रवेश हुआ। शोभायात्रा में गिरनार सिद्धक्षेत्र और आचार्य विमलसागर जी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने रंगोली व मंगल कलशों से स्वागत किया। आचार्यश्री के सान्निध्य में भक्तों ने 122 किलो का निर्वाण लड्डू मानस्तंभ की परिक्रमा कराते हुए भगवान नेमिनाथ को अर्पित किया। शांतिधारा, निर्वाण कांड वाचन और जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आचार्यश्री ने गिरनार पर्वत को मोक्षमार्ग का पवित्र स्थल बताया। सकल जैन समाज ने पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालन मनोज जैन बाकलीवाल ने किया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्यजन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राजामंडी जैन मंदिर में मनाया गया भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक, तीन लोक विधान का हुआ शुभारंभ

एनएनआई

**आगरा।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, राजामंडी में बुधवार को 1008 भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी अवसर पर भव्य तीन लोक विधान का शुभारंभ भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह भगवान नेमिनाथ का अभिषेक और शांतिधारा की गई। इसके पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाकर भगवान को नमन किया गया। विधान की शुरूआत श्रीफल अर्पण और मंगलाचरण से हुई। गुरु आज्ञा कार्यक्रम के अंतर्गत आचार्यप्रवर अरुण शास्त्री को वस्त्र अर्पित किए गए और उनके सान्निध्य में विधान की विधियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ध्वजारोहण का सौभाग्य सीए रोहित बड़जात्या के परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए ठंडाई की व्यवस्था रही। कार्यक्रम का संचालन निशांत जैन ने किया। मंदिर समिति के अनिल जैन, मगन जैन, दिलीप बड़जात्या सहित तीन लोक विधान समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे।







